**M.A.C.C. 15/2024**

| Sl. No. | Date of order of proceeding | Order with the Signature of the Court | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12-12-2025 | दावाकर्ता एवं विपक्षी की ओर से वकालतन हाजरी दी गई।<br>पीठासीन पदाधिकारी का स्थानांतरण हो गया है।<br><br>दिनांक 08.01.2026 वास्ते दावाकार्ता की ओर से साक्ष्य।<br>लेखापित<br><br>प्रभारी पीठासीन पदाधिकारी<br>एम.ए.सी.टी. | |
| | 08-01-2026 | उभय पक्षों की ओर से वकालतन हाजरी दी गई।<br>दावाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता अपना आवेदन दिनांक 02.12.2025 प्रचालित करते हैं, जिसमें दावाकर्ता की ओर से दाखिल दस्तावेजों को प्रदर्श चिन्हित किए जाने की प्रार्थना की गई है। आवेदन में कहा गया है कि दावाकर्ता की ओर से चंदवारा थाना कांड संख्या 18/2024 की प्राथमिकी तथा आरोप पत्र की सत्य प्रमाणित प्रतियां दाखिल की गई हैं। इसके अतिरिक्त दावाकर्ता द्वारा दुर्घटना कारित करने वाले वाहन के निबंधन प्रमाण पत्र और बीमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मृतक के ईलाज में हुए चिकित्सीय खर्च के बिल की प्रतियां, वाहन चालक अविनाश कुमार और मृतक रामेश्वर घटवार के ड्राईविंग लाईसेंस की छायाप्रति तथा दावाकर्ताओं के आधार कार्ड की सत्य प्रमाणित प्रतियां दाखिल की गई है, जिन्हें प्रदर्श चिन्हित किया जाना है।<br><br>विपक्षियों के विद्वान अधिवक्तागण को भी सुना। न्यायहित में दावाकर्ता का आवेदन स्वीकृत किया जाता है तथा चंदवारा थाना कांड संख्या 18/2024 की प्राथमिकी की सत्य प्रमाणित प्रति को प्रदर्श 1, आरोप पत्र की सत्य प्रमाणित प्रति को प्रदर्श 2 चिन्हित किया जाता है। दावाकर्ता द्वारा दुर्घटना कारित करने वाले वाहन के निबंधन प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मृतक के ईलाज में हुए चिकित्सीय खर्च के बिल की प्रतियां, वाहन चालक अविनाश कुमार और मृतक रामेश्वर घटवार के ड्राईविंग लाईसेंस की छायाप्रति तथा दावाकर्ताओं के आधार कार्ड की छाया प्रतियों को पहचान हेतु ग से ग6 अंकित किया जाता है। | |

| Sl. No. | Date of order of proceeding | Order with the Signature of the Court | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| | | दावाकर्ता की ओर से विद्वान अधिवक्ता दावाकर्ता का साक्ष्य बंद किए जाने की मौखिक प्रार्थना करते हैं। विद्वान अधिवक्ता कहते हैं कि दावाकर्ता अब और साक्षी नहीं प्रस्तुत करना चाहते हैं।<br><br>सुना। प्रार्थना स्वीकृत। दावाकर्ता का साक्ष्य बंद किया जाता है।<br><br>दिनांक 17.01.2026 वास्ते विपक्षी की ओर से साक्ष्य।<br><br>लेखापित<br>ह0/–<br>पीठासीन पदाधिकारी<br>मो0वा0दु0प्रा0 | |